# आकाशवाणी, गोरखपुर

## दिनांक–20 अप्रैल 2025 सान्ध्य समाचार

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज सुबह गोरखपुर के हावर्ट बांध पर बन रहे फोरलेन सड़क के निर्माण कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया और कार्यदायी संस्था के अधिकारियों को निर्माण कार्य युद्ध स्तर पर करने के निर्देश दिए। इस दौरान निरीक्षण स्थल पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि हावर्ट बांध पर फोरलेन बन जाने से शहर को बाढ़ से बचाने के साथ ही यातायात की बड़ी समस्या का समाधान होगा। उन्होंने कहा कि पहले इस क्षेत्र के लोगों को आवागमन में परेशानी होती थी लेकिन नई व्यवस्था से काफी सहूलियत मिलेगी।

***व्यवस्था बनाई जा रही है कि टर्स्पोट नगर से लेकर के डोमिनगढ़ तक एक फोरलेन सड़क होगी फिर डोमिनगढ़ में एक रेलवे ओवरब्रिज का निर्माण हो रहा है और फिर वहां से हावर्ट बंधा के बाद माधोपुर तटबंध को भी फोरलेन के साथ जोड़ते हुए महेसरा को जोड़ने कि कार्यवायी होगी तो महेसरा तक से पुरे उसको बाहर बाहर से फोरलेन की एक बेहतरी कनेक्टिविटी गोरखपुर को मिल जायेगी।***

मुख्यमंत्री ने बताया कि इस पूरी परियोजना पर करीब सात सौ करोड़ रुपये खर्च होंगे। इसके पहले आज सुबह गोरखनाथ मंदिर में जनता दर्शन का आयोजन कर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने करीब तीन सौ लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि हर पीड़ित की समस्या का समाधान तत्परता से किया जाए।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पिछले कुछ दिनों में आंधी–बारिश और ओलावृष्टि से प्रभावित जिलों के अधिकारियों को पूरी तत्परता से राहत कार्य संचालित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा है कि अधिकारी क्षेत्र का भ्रमण कर राहत कार्य पर नजर रखें। आकाशीय बिजली, आंधी तूफान, बारिश जैसी आपदा से जनहानि और पशुहानि होने की स्थिति में तत्काल प्रभावितों को राहत राशि का वितरण करने के साथ घायलों का समुचित उपचार कराया जाए। मुख्यमंत्री ने सर्वे कराकर आपदा से हुए फसल नुकसान का आकलन करते हुए आख्या शासन को जल्द से जल्द भेजने के भी निर्देश दिए हैं।

**********

केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने आज लखनऊ के अलीगंज में पदम् विभूषण से सम्मानित और सुलभ इंटरनेशनल संस्था के संस्थापक स्वर्गीय बिंदेश्वर पाठक की प्रतिमा का अनावरण किया। इस अवसर पर रक्षा मंत्री ने कहा कि बिंदेश्वर पाठक ने कम लागत वाले शौचालयों को बढ़ावा देकर भारत में स्वच्छता की स्थिति को बेहतर किया। उन्होंने कहा–

***पाठक जी के बारे में मै मानता हुं कि वो व्यक्ति नही थे बल्कि वो आन्दोलन थे और उनका दुरर्दशी एक सामाजिक उदेश्य था। सुलभ इंटरनेशनल की स्थापना कर न केवल लोगो को उन्होने स्वच्छता का अधिकार दिलाया बल्कि उनके लिए सम्मान जनक जीवन की राह खोली।***

इस अवसर पर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक भी उपस्थित रहे।

**********

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने आज प्रयागराज में एक प्रेस वार्ता के दौरान महाकुंभ के आयोजन को लेकर सरकार पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि सरकार ने महाकुंभ के आयोजन को बढ़ा चढ़ा कर पेश किया है। उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं के लिए महाकुंभ में व्यवस्था कम और प्रचार ज्यादा हुआ।

**********

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी–एनटीए ने संयुक्त प्रवेश परीक्षा–जेईई मेन दो हजार पचीस के दूसरे सत्र के परिणाम और कट–ऑफ जारी करने के साथ ही जेईई एडवांस्ड के ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन की भी जानकारी जारी कर दी है। जेईई एडवांस्ड के लिये ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन तेइस अप्रैल से शुरू हो जायेगा। आवेदन दो मई तक किया जा सकेगा।

**********

ईसाई धर्म के संस्थापक प्रभु ईशा मसीह के पुनर्जीवन का पर्व ईस्टर आज पूरे प्रदेश में परम्परागत, श्रद्धा और उल्लास से मनाया जा रहा है। ईस्टर पर गोरखपुर सहित पूर्वी उत्तर प्रदेश के सभी गिरिजाघरों में ईसाई धर्मावलम्बियों द्वारा विशेष प्रार्थना सभाओं के आयोजन किये जा रहे हैं।

**********

प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना के तहत प्रदेश सरकार ने मार्च दो हजार सत्ताइस तक कुल आठ लाख सोलर रूफटॉप संयंत्रों की स्थापना का लक्ष्य निर्धारित किया है। प्रदेश में अब तक एक लाख से अधिक ऐसे संयंत्र लगाये जा चुके हैं।

**********

अंबेडकरनगर जनपद में पांच दिवसीय सैंतालीसवीं राष्ट्रीय पुरुष हैंडबाल प्रतियोगिता का शुभारंभ आज विधान परिषद सदस्य हरिओम पाण्डेय ने किया। जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने बताया कि प्रतियोगिता में देश भर से कुल बत्तीस टीमें हिस्सा ले रहीं हैं। चौबीस अप्रैल तक चलने वाली प्रतियोगिता के बाद चुनी जाने वाली राष्ट्रीय टीम ओमान में होने वाले अन्तर्राष्ट्रीय मैच में भारत का प्रतिनिधित्व करेगी।

**********